## गुस्ताखी माफ



सेवा की यदि चाह हो, पैदा करें सपूत।
गलती है मां-बाप की, पैदा किया कपूत।
पैदा किया कपूत, तभी है हालत ऐसी।
अपना ही कर रहा, आपकी ऐसी-तैसी।
कह साहिल कविराय, मिलेगा कैसे मेवा।
क्या खुद पहले करी, बाप-मां की यूं सेवा।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 172 | MONDAY 29-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


### मावां धीयां सत्कार योजना का जमकर फायदा उठा रहे लीडर

# कमाई के चक्कर में लीडरों ने करीबियों को थमाए फॉर्म, बिना देखें भर रहे गलत डिटेल, आंगनवाड़ी वर्कर-जनता परेशान




राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/28 जून। पंजाब सरकार की ओर से राज्य में मावां धीयां सत्कार योजना के तहत फॉर्म भरकर महिलाओं को एक हजार रुपए प्रति महीना दिए जाएंगे। जबकि एससी वर्ग की महिलाओं को 1500 रुपए मिलेंगें। इस योजना से महिलाओं को लाभ होगा या नहीं, यह बात की बात है। लेकिन आम आदमी पार्टी के कुछ लीडर व उनके करीबी इसका जमकर फायदा उठा रहे हैं। ताजे मामले लुधियाना के वॉर्ड 26, 31 और 45 में देखने को मिले हैं। खासकर ढोलेवाल, प्रभात नगर, राम नगर और विश्वकर्मा कॉलोनी में यह स्थिति नजर आई। चर्चा है कि प्रति फॉर्म 20 रुपए दिए जाने हैं। जिसके चलते आप लीडरों द्वारा अपने करीबियों को सारे फॉर्म दे दिए। उन्होंने बिना अच्छे से प्रूफ देखें फॉर्म भर डाले, जिसमें आधे गलत भर दिए। अब उक्त गलत फॉर्मों के कारण आम जनता के साथ उसे ऑनलाइन करने वाले आंगनवाड़ी वर्कर भी परेशान हैं।

### रोजाना भरे जा रहे सैकड़ों फॉर्म

इस योजना के लिए फॉर्म भरकर आंगनवाड़ी और सेवा केंद्रों के जरिए ऑनलाइन रजिस्टर्ड कराना है। कुछ आप लीडरों ने फॉर्म अपने करीबियों को दे दिए। उन्होंने जगह जगह टेबल-कुर्सी लगाकर फॉर्म सही-गलत देखे बिना गिनती बढ़ाने पर जोर दिया। रोजाना सैकड़ों फॉर्म एक-एक वॉर्ड से भरे जा रहे हैं। जिससे हजारों रुपए की कमाई हो रही है। चर्चा है कि बाद में उक्त रकम की बांट भी होती है।

### करीबियों की रजिस्ट्रेशन को पहल

चर्चा है कि रजिस्ट्रेशन के लिए भी कई जगह पर पिंक एंड चूज की पॉलिसी इस्तेमाल हो रही है। दरअसल, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ज्यादातर आप के पार्षदों और लीडरों द्वारा अपने ऑफिसों में करवाई जा रही है। वहां करीबियों को पहल है। बाकी जनता को सीधे ही 2 से 4 दिन बाद आने को कहा जाता है। हालांकि साइट सही से चलने पर एक फॉर्म को 10-15 मिनट लगते हैं।

### आंगनवाड़ी वर्करों का छीना हक

पहले फॉर्म भरने की पेमेंट आंगनवाड़ी वर्करों और सेवा केंद्रों के खाते में जानी थी। वर्करों द्वारा सुबह से लेकर रात 12 बजे तक घरों पर भी फॉर्म ऑनलाइन चढ़ाकर मेहनत की जा रही है। लेकिन आप लीडरों ने उनका हक छीन लिया। गलत फॉर्म भरने और फीस न मिलने के चलते आंगनवाड़ी वर्करों ने भी बाहरी फॉर्मो को ऑनलाइन करने से मना कर दिया। महिलाएं परेशान है। एक बार फॉर्म भरे जाने पर दोबारा फॉर्म नहीं भरता।

### पार्षद की करीबी ने भरा गलत फॉर्म, पांच दिन होती रही परेशान

विश्वकर्मा कॉलोनी की प्रीत अनुसार मार्केट में दो महिलाएं कुर्सी लगाकर फॉर्म भर रही थी। उन्होंने फॉर्म भर वॉर्ड 45 के पार्षद घर जाने को कहा। वहां महिलाओं ने पहले 3 दिन बाद आने और फिर वॉर्ड 31 निवासी के चलते उस तरफ फॉर्म ऑनलाइन कराने की बात कही। जब आंगनवाड़ी वर्कर से संपर्क किया तो उन्होंने मना कर दिया। फिर फॉर्म गलत निकला। सिफारिश डलवाई तो काम हुआ। छह दिन यही परेशानी चलती रही।

## मावां धीयां योजना के फॉर्म भरने को 100 रुपए लेती महिला पकड़ी



लुधियाना/यूटर्न/28 जून। मोती नगर की भगत सिंह कॉलोनी की गली नंबर तीन में एक महिला खुशबू गुप्ता को पकड़ा है। महिला पर आरोप है कि वे लोगों से उक्त फॉर्म भरने की एवज में 100 रुपए ले रही थी। चर्चा है कि इस संबंधी विधायक को शिकायत हुई। विधायक ने पुलिस के साथ मौके पर रेड की और महिला को पकड़ लिया। हालांकि अभी मामले में कोई कानूनी कार्रवाई सामने नहीं आई है। चर्चा है कि उक्त महिला खुद को आप वर्कर बताकर लोगों पर रोहब झाड़ती थी।


## भावपूर्ण श्रद्धांजलि



(26-05-1960 to 14-06-2026)

आपको दु:खी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय

### श्री हरपिंदर कुमार वशिष्ठ

14 जून 2026 को अपनी संसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में जा विराजे हैं।

उनकी आत्मिक शांति हेतु

### रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा

दिनांक 29 जून, 2026 दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक
श्री नव दुर्गा मंदिर, (Ground & First Floor) सराभा नगर, लुधियाना में होगी।

शोकाकुल परिवार

विजय वशिष्ठ (धर्मपत्नी)
वर्षा वशिष्ठ - नरिंदर वशिष्ठ (भाभी-भाई) हीना वशिष्ठ - चितवन वशिष्ठ (पुत्र-पुत्रवधू)
रूबी वशिष्ठ - विशाल वशिष्ठ (पुत्र-पुत्रवधू) आरती शर्मा - मंगेश शर्मा (पुत्री-दामाद)
वशिष्ठ, शर्मा, दत्ता, सूद, प्रभाकर परिवार

SitaRam's Since 1921
SITA RAM GANDA RAM
M: 98723 30000, 75000 00047

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

Livtar Bajaj, Pure Milk Product
Gurbir Bajaj, RAC
Garry Gill, Northwest Group Moga
Amandeep Singh Luthra, Punjab Knit
Nitin Goyal, Shree Naina Petrolubes Company

# विरासत से शुरू हुई होम्योपैथी अब सिर्फ 'मीठी गोलियां' नहीं, भरोसेमंद इलाज का विकल्पः डॉ. विश्वनाथ सूद



शिफाली

लुधियाना/यूटर्न/28 जून। जब भी इलाज की बात आती है, अक्सर लोगों के मन में एक सवाल जरूर उठता है— आखिर किस उपचार पद्धति पर भरोसा किया जाए? एलोपैथी या होम्योपैथी? कई लोग दवाइयों के दुष्प्रभाव को लेकर चिंतित रहते हैं, वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो लंबे समय की समस्याओं के लिए वैकल्पिक चिकित्सा की ओर रुख करते हैं। इन्हीं सवालों पर चर्चा करने के लिए हमने बात की लुधियाना के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. विश्वनाथ सूद से, जिनका इस क्षेत्र में दशकों का अनुभव रहा है। उन्होंने अपनी यात्रा, होम्योपैथी को लेकर लोगों की सोच और बदलती जीवनशैली पर विस्तार से बात की।





## पिता से मिली प्रेरणा, विरासत बनी पहचान

**आपकी होम्योपैथी की यात्रा की शुरूआत कैसे हुई?**

डॉ. सूद बताते हैं कि उनकी होम्योपैथी की यात्रा की शुरूआत घर से ही हुई। उनके पिता भी होम्योपैथिक डॉक्टर थे और विभाजन व युद्ध के दौर के बाद परिवार लुधियाना आकर बस गया। बचपन से ही उन्होंने घर में चिकित्सा का माहौल देखा, जिससे धीरे-धीरे उनकी रुचि इसी क्षेत्र की ओर बढ़ती गई और आगे चलकर उन्होंने इसे ही अपने करियर के रूप में अपनाया।

**शुरूआती दिनों में होम्योपैथी को लेकर क्या स्थिति थी?**

उन्होंने बताया कि शुरूआती दिनों में होम्योपैथी को उतनी पहचान नहीं मिलती थी और लोग इसे अक्सर एक सीमित या धीमी चिकित्सा पद्धति के रूप में देखते थे। लेकिन समय के साथ जागरूकता बढ़ी और लोगों का भरोसा भी धीरे-धीरे इस प्रणाली पर मजबूत होता गया। आज स्थिति यह है कि कई लोग इसे एक प्रभावी और सुरक्षित विकल्प के रूप में अपनाते हैं।

## क्या होम्योपैथी का असर धीमा होता है?

**क्या होम्योपैथी का असर हमेशा धीरे होता है?**

इस सवाल पर डॉ. सूद का कहना है कि यह एक आम धारणा है, लेकिन इसे पूरी तरह सही या गलत नहीं कहा जा सकता। हर बीमारी और हर मरीज अलग होता है। उपचार का समय बीमारी की प्रकृति, उसकी गंभीरता, मरीज की शारीरिक स्थिति और उसकी जीवनशैली पर निर्भर करता है। कुछ मामलों में सुधार जल्दी दिख सकता है, जबकि कुछ पुरानी या जटिल बीमारियों में समय लग सकता है।

**लोग होम्योपैथी को किस तरह समझते हैं?**

अः उन्होंने कहा कि लोग अक्सर होम्योपैथी को केवल लंबे इलाज से जोड़कर देखते हैं, लेकिन वास्तविकता इससे अधिक जटिल है। कई मरीज ऐसे भी होते हैं जिन्हें अपेक्षाकृत जल्दी राहत महसूस होती है, जबकि कुछ मामलों में शरीर की प्रतिक्रिया धीरे-धीरे सामने आती है। इसलिए इसे एक समान गति वाली चिकित्सा पद्धति के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

## क्या एलोपैथी और होम्योपैथी विरोधी हैं?

**क्या दोनों चिकित्सा प्रणालियाँ एक-दूसरे के खिलाफ हैं?**

डॉ. सूद का कहना है कि एलोपैथी और होम्योपैथी को एक-दूसरे का विरोधी समझना सही नहीं है। दोनों चिकित्सा प्रणालियों का अपना-अपना महत्व और भूमिका है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने कई गंभीर और आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण प्रगति की है, वहीं होम्योपैथी भी लंबे समय से कई रोगों में उपयोगी साबित होती रही है।

**इलाज का सही चुनाव कैसे होना चाहिए?**

उनके अनुसार, किसी भी इलाज का चुनाव बीमारी की प्रकृति, मरीज की स्थिति और योग्य विशेषज्ञ की सलाह के आधार पर होना चाहिए। किसी भी पद्धति को बिना समझे पूरी तरह अपनाना या खारिज करना उचित नहीं है।

## होम्योपैथी की पहचान बनी 'मीठी गोलियां'

**होम्योपैथी को 'मीठी गोलियों' के रूप में क्यों जाना जाता है?**

होम्योपैथी का नाम आते ही लोगों के मन में सबसे पहले मीठी गोलियों की छवि आती है क्योंकि इसकी दवाइयाँ अक्सर छोटे, स्वाद में हल्के और सरल रूप में दी जाती हैं, जो बच्चों और बड़ों दोनों के लिए स्वीकार्य होती हैं।

**दवाइयाँ किस रूप में मिलती हैं?**

डॉ. सूद बताते हैं कि होम्योपैथिक दवाइयाँ केवल गोलियों तक सीमित नहीं हैं। ये ड्रॉप्स, तरल (लिक्विड) और अन्य रूपों में भी उपलब्ध होती हैं। मरीज की स्थिति और जरूरत के अनुसार डॉक्टर सही रूप का चयन करते हैं।

## किन समस्याओं के लिए लोग ज्यादा पहुंच रहे हैं?

**मरीज किन समस्याओं के लिए ज्यादा आते हैं?**

उनके अनुसार उनके पास त्वचा संबंधी समस्याएं, एलर्जी, सांस से जुड़ी परेशानियां, पाचन तंत्र की समस्याएं और लंबे समय से चल रही पुरानी बीमारियों को लेकर मरीज अधिक संख्या में आते हैं। कई मरीज ऐसे भी होते हैं जो पहले कई इलाज करा चुके होते हैं और फिर वैकल्पिक विकल्प के रूप में होम्योपैथी की ओर रुख करते हैं।

**क्या बिना जांच इलाज संभव है?**

उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बीमारी के सही इलाज के लिए उचित जांच और डॉक्टर की सलाह बेहद जरूरी है। बिना सही निदान के इलाज करना न केवल गलत है बल्कि कई बार नुकसानदायक भी हो सकता है।

## युवाओं के लिए सलाह

**आज की जीवनशैली को लेकर आपकी क्या सलाह है?**

डॉ. सूद का कहना है कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली स्वास्थ्य पर सीधा असर डाल रही है। फास्ट फूड, अनियमित दिनचर्या और तनावपूर्ण जीवन शरीर की प्राकृतिक क्षमता को कमजोर कर रहे हैं।

**क्या बदलाव जरूरी हैं?**

उन्होंने सलाह दी कि युवाओं को नियमित रूप से वॉक करनी चाहिए, शारीरिक गतिविधि को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, संतुलित आहार लेना चाहिए और प्रोसेस्ड व जंक फूड से बचना चाहिए। छोटी-छोटी आदतें लंबे समय में बड़े स्वास्थ्य लाभ देती हैं।

## खट्टी चीजें और होम्योपैथी

**होम्योपैथी में खट्टी चीजें क्यों मना की जाती हैं?**

डॉ. सूद का कहना है कि यह पूरी तरह प्रतिबंध नहीं बल्कि सावधानी से जुड़ी सलाह होती है। कई डॉक्टर मरीज की स्थिति को देखते हुए कुछ खाद्य आदतों को नियंत्रित करने की सलाह देते हैं ताकि शरीर बेहतर तरीके से इलाज को स्वीकार कर सके। इसका मुख्य उद्देश्य दवा से अधिक एक संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना होता है।

## गर्मी में क्या ध्यान रखें?

**गर्मियों में क्या सावधानी बरतनी चाहिए?**

डॉ. सूद की सलाह है कि गर्मियों में अत्यधिक ठंडा पानी पीने की बजाय सामान्य तापमान वाला पानी पीना शरीर के लिए अधिक उपयुक्त हो सकता है, क्योंकि यह पाचन और शरीर के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है।

**और क्या आदतें अपनानी चाहिए?**

उन्होंने कहा कि घर में बने ताजे पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी आदि को प्राथमिकता देनी चाहिए और बाहर के अत्यधिक प्रोसेस्ड या शुगर-युक्त पेय से बचना चाहिए।

**अंत में डॉ. सूद का संदेश:** कोई भी इलाज अपनाने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लें। शरीर को समझिए, खान-पान सुधारिए और अपनी जीवनशैली को संतुलित रखिए—यही सबसे बड़ी दवा है।



पेज 06 'वारिस पंजाब दे' का बढ़ा जनाधार, काउंके कलां में...






# पंजाब के लक्ष्मी एसोसिएट्स के मेहरा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

## बेस्ट सेल्स रेवेन्यू ग्रोथ अवॉर्ड



लुधियाना/यूटर्न/28 जून। गोवा में आयोजित केनामेटल इंक., यूएसए की ऑल इंडिया नेशनल कॉन्फ्रेंस में इंडस्ट्रियल टूलिंग और इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस क्षेत्र में काम कर रही लक्ष्मी एसोसिएट्स के डायरेक्टर विशाल मेहरा को कंपनी की ओर से*बेस्ट सेल्स रेवेन्यू ग्रोथ अवॉर्ड* से सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया स्तर की इस कॉन्फ्रेंस में पंजाब से यह अवॉर्ड हासिल करने वाले विशाल मेहरा अकेले डिस्ट्रीब्यूटर रहे।

कार्यक्रम में केनामेटल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर *विजयकृष्णन वेंकटेसन*ने विशाल मेहरा को यह अवॉर्ड प्रदान किया। नेशनल हेड अक्षय कुलकर्णी और एचआर हेड मनु किडावे भी मौजूद रहे . कंपनी प्रबंधन ने लक्ष्मी एसोसिएट्स की तेज सेल्स ग्रोथ, मार्केट पकड़, कस्टमर नेटवर्क और बिजनेस कमिटमेंट की सराहना की।

बिजनेस जगत में इस उपलब्धि को केवल एक अवॉर्ड नहीं, बल्कि पंजाब के इंडस्ट्रियल डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क की बढ़ती ताकत के रूप में देखा जा रहा है। लगातार प्रतिस्पर्धा वाले बाजार में सेल्स रेवेन्यू ग्रोथ हासिल करना किसी भी कंपनी के लिए आसान नहीं होता। विशाल मेहरा ने सम्मान मिलने पर कहा कि यह उपलब्धि उनकी पूरी टीम, ग्राहकों के भरोसे और केनामेटल इंडिया के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल सेक्टर में सफलता केवल बिक्री से नहीं, बल्कि लंबे समय तक निभाए गए भरोसे, सर्विस और प्रोफेशनल कमिटमेंट से मिलती है।

# पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज जस्टिस महाबीर सिंह सिंधु का निधन




चंडीगढ़/यूटर्न/28 जून। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के मौजूदा जज, जस्टिस महाबीर सिंह सिंधु का रविवार तड़के गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 59 वर्ष के थे और बताया जा रहा है कि कुछ समय से बीमार चल रहे थे। हाई कोर्ट ने बताया कि उन्होंने सुबह 2:50 बजे अंतिम सांस ली। जस्टिस सिंधु, जो हाई कोर्ट के तीसरे सबसे वरिष्ठ जज थे, 10 जुलाई 2017 को एडिशनल जज बने थे और 3 दिसंबर 2018 को उन्हें स्थायी जज नियुक्त किया गया था। वे अप्रैल 2029 में रिटायर होने वाले थे।

### 1967 को हरियाणा में हुआ जन्म

4 अप्रैल 1967 को हरियाणा के हांसी जिले के मसूदपुर गांव में जन्मे जस्टिस सिंधु एक किसान परिवार से थे और अपने परिवार में वकील बनने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने पैतृक गांव के सरकारी हाई स्कूल से स्कूली शिक्षा पूरी की और 1992 में पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से लॉ की डिग्री हासिल की। उसी साल उन्होंने पंजाब और हरियाणा बार काउंसिल में अपना रजिस्ट्रेशन कराया।

### कई मामलो में वकालत की

अपने शानदार कानूनी करियर के दौरान, जस्टिस सिंधु ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में सिविल, क्रिमिनल, संवैधानिक और सर्विस लॉ से जुड़े मामलों में बड़े पैमाने पर वकालत की। उन्होंने कई सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक निकायों का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, कोऑपरेटिव बैंक और इरठछ शामिल हैं।

# छोटे उद्योगों पर बिजली कटौती की मार, मंडी गोबिंदगढ़ की फर्नेस इंडस्ट्री ने लगाया भेदभाव का आरोप

## एमएसएमई फर्नेस एसोसिएशन ने पावर सेक्रेटरी को लिखा पत्र, कहा–बड़े उद्योग चालू, 11 केवी छोटे यूनिट्स को निशाना बनाना अनुचित



मंडी गोबिंदगढ़/यूटर्न/28 जून। पंजाब के प्रमुख औद्योगिक केंद्र मंडी गोबिंदगढ़ की एमएसएमई फर्नेस इंडस्ट्री ने बिजली कटौती को लेकर गंभीर नाराजगी जताई है। एमएसएमई फर्नेस एसोसिएशन रजि. ने पंजाब के पावर सेक्रेटरी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि 11 केवी कनेक्शन श्रेणी के अंतर्गत आने वाले छोटे और मध्यम उद्योगों पर मनमाने, भेदभावपूर्ण और बिना पूर्व सूचना के पावर कट लगाए जा रहे हैं, जबकि बड़े उद्योगों को निर्बाध बिजली सप्लाई दी जा रही है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष जरनैल सिंह ने पत्र में कहा कि 27 जून की रात पीएसपीसीएल अधिकारियों ने बिना किसी पूर्व सूचना के रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बिजली सप्लाई बंद कर दी। आठ घंटे के इस पावर कट से छोटे फर्नेस यूनिट्स का उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हुआ। एसोसिएशन का आरोप है कि यह कटौती केवल 11 केवी एमएसएमई उद्योगों पर लागू की गई, जबकि बड़ी इंडस्ट्री को इससे बाहर रखा गया।


### एसोसिएशन के मुख्य आरोप :

- 11 केवी एमएसएमई उद्योगों पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पावर कट लगाया गया।
- बड़े उद्योगों को बिजली सप्लाई जारी रखी गई।
- कटौती से छोटे फर्नेस यूनिट्स का उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हुआ।
- विरोध के बावजूद फिर से नाइट कट का नोटिस जारी किया गया।

### उद्योगों की मांग

- नाइट पावर कट का नोटिस तुरंत वापस लिया जाए।
- सभी उद्योग श्रेणियों के साथ समान व्यवहार हो।
- चयनात्मक कटौती लागू करने वाले अधिकारियों की जांच हो।
- एमएसएमई यूनिट्स को उत्पादन जारी रखने के लिए राहत दी जाए।

# एटीआईयू ने पीएसपीसीएल के रात्रिकालीन बिजली कटौती फैसले का किया विरोध, उद्योगों को बताया बड़ा झटका



लुधियाना/यूटर्न/28 जून। एसोसिएशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्रियल अंडरटेकिंग्स (एटीआईयू) के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने पंजाब स्टेट पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा घोषित रात्रिकालीन बिजली कटौती के फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब पंजाब का उद्योग पहले से ही कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। पंकज शर्मा ने कहा कि मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, अनिश्चित निर्यात ऑर्डर और कुशल श्रमिकों की भारी कमी के कारण उद्योग पहले ही दबाव में हैं।

# सड़क पर पक्का रैंप बनाकर मैकेनिक ने किया कब्जा, लोगों में रोष

## भबात रोड पर मोटरसाइकिल रिपेयरिंग से लग रहा जाम, नगर परिषद से कार्रवाई की मांग

जीरकपुर/यूटर्न/28 जून। भबात रोड पर एक मोटरसाइकिल मैकेनिक द्वारा सड़क के हिस्से में पक्का रैंप बनाकर कब्जा करने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकान के सामने सड़क पर सीमेंट का करीब 10 फीट लंबा पक्का फर्श बना दिया गया है, जहां मोटरसाइकिलों की रिपेयरिंग की जाती है। इससे पहले से व्यस्त भबात रोड पर जाम की स्थिति और गंभीर हो गई है। जानकारी के अनुसार भबात रोड पर विक्रांत ऑटोमोबाइल नाम से मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान चल रही है। लोगों का




कहना है कि दुकान संचालक ने बिना अनुमति सड़क के हिस्से में पक्का निर्माण कर लिया है। यहां दिनभर रिपेयरिंग के लिए मोटरसाइकिलें खड़ी रहती हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। गांव निवासी गुरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, बिट्टू लोंगियां पूर्व पार्षद और हरजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने मैकेनिक को सड़क पर निर्माण करने से रोका था, लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद अभी तक नगर परिषद की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

स्थानीय लोगों ने नगर परिषद जीरकपुर से मांग की है कि सड़क पर बनाए गए पक्के रैंप को तुरंत हटाया जाए और सड़क पर वाहन रिपेयरिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लोगों ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भबात रोड पर ट्रैफिक समस्या और बढ़ सकती है। इस संबंध में वार्ड पार्षद के पति एवं पूर्व पार्षद नवतेज नवी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक समागम के दौरान निहंग पर हमले की कोशिश, अफरा-तफरी मची, समर्थकों ने हमलावर पकड़कर पीटा

मोहाली/यूटर्न/28 जून। उत्तराखंड के कर्णप्रयाग मामले में रिहा होकर पंजाब लौटे निहंगों के स्वागत समारोह के दौरान रविवार को मोहाली के गुरुद्वारे में हंगामा हो गया। समारोह के बीच एक क्लीनशेव बाहरी व्यक्ति ने निहंग बाबा जसदीप सिंह पर हमला करने की कोशिश की। इससे गुरुद्वारा परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद निहंगों ने तुरंत आरोपी को काबू कर लिया। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी। उसके कपड़े फाड़ दिए। बाबा जसदीप सिंह रिहा हुए चारों साथियों के साथ गुरुद्वारे में पहुंचे थे। 16 जून को कर्णप्रयाग में विवाद शुरू हुआ था। यहां निहंगों और स्थानीय लोगों के बीच मारपीट हुई थी, जिसके बाद चारों निहंगों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के विरोध में कुछ निहंगों ने गुरुद्वारे पर कब्जा कर लिया। वहीं, पंजाब से बड़ी संख्या में निहंगों ने उत्तराखंड कूच का ऐलान किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब में बॉर्डर पर ही रोक दिया था।



### सीएम सैनी के हस्तक्षेप से सुलझा मामला

शुक्रवार रात हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हस्तक्षेप के बाद गतिरोध खत्म हुआ था। उनके निर्देश पर पॉलिटिकल एडवाइजर तरुण भंडारी ने उत्तराखंड सरकार से बातचीत की, जिसके बाद शनिवार को मारपीट मामले में गिरफ्तार चारों निहंगों को जमानत मिल गई।

### स्वागत समारोह के दौरान बिगड़ा माहौल

उत्तराखंड विवाद के बाद निहंग सिंह शनिवार को अदालत से जमानत मिलने के बाद पंजाब लौटे थे। इनके साथ बाबा जसदीप सिंह भी मौजूद थे। उनकी रिहाई पर मोहाली के गुरुद्वारा सिंह शहीदां, सोहाना में स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। समारोह के दौरान निहंग सिंहों को सिरोपा भेंट किए जा रहे थे और संगत की ओर से जयकारे लग रहे थे। इसी बीच भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति अचानक आगे आया और बाबा जसदीप के साथ हाथापाई करने का प्रयास किया।

## स्व. भारत तिवारी की स्मृति में गांव दरिया में हवन व मशाल यात्रा, सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

चंडीगढ़/यूटर्न/28 जून। पूर्वांचल विकास महासंघ (दरिया), चंडीगढ़ और क्षेत्र के लोगों की ओर से रविवार को दरिया के जंगल स्थित बाबा बालक मंदिर में समाजसेवी एवं क्रांतिकारी स्वर्गीय भारत तिवारी की स्मृति में हवन एवं मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं और क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय भारत तिवारी के समाज सेवा, जनकल्याण और सामाजिक संघर्षों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सैकड़ों युवाओं और स्थानीय लोगों ने मशाल यात्रा (कैंडल मार्च) निकालकर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय भारत तिवारी ने समाज और जनहित के लिए जो कार्य किए, वे हमेशा लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

# हरियाणा पुलिस में बड़ा फेरबदल, 23 इंस्पेक्टरों के तबादले

## एंटी करप्शन ब्यूरो में 6 निरीक्षकों की तैनाती, पंचकूला से 5 इंस्पेक्टर बदले

पंचकूला/यूटर्न/28 जून। हरियाणा पुलिस में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 23 इंस्पेक्टरों के तबादले किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार एंटी करप्शन ब्यूरो में 6 निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है, जबकि पंचकूला से 5 इंस्पेक्टरों का तबादला किया गया है। तबादला सूची में पंचकूला, गुरुग्राम, हिसार, अंबाला, रोहतक, कैथल, सिरसा, जींद, पलवल, चरखी दादरी, भिवानी, महेंद्रगढ़ और फरीदाबाद सहित कई जिलों के अधिकारी शामिल हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी स्थानांतरित अधिकारियों को तुरंत कार्यमुक्त होकर नई तैनाती पर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी स्थानांतरित अधिकारी के खिलाफ कोई विभागीय जांच लंबित है, तो संबंधित अधिकारी को 15 दिनों के भीतर जांच पूरी कर नई पोस्टिंग के लिए रिलीव किया जाए। इसके साथ ही स्थानांतरण नीति का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत किसी भी अधिकारी की पोस्टिंग उसके गृह जिले में नहीं की जाएगी।




# जर्जर पेड़ बना खतरा, तना गिरने से दो वार्डों की बिजली घंटों गुल



डेराबस्सी/यूटर्न/28 जून। डेराबस्सी तहसील परिसर के पास सेवा केंद्र के सामने रविवार को पुराने पीपल के पेड़ का भारी तना अचानक टूटकर बिजली की तारों पर गिर गया। तने के भार से ट्रांसफार्मर के नजदीक लगा बिजली का खंभा भी क्षतिग्रस्त होकर गिर पड़ा। हादसे के बाद वार्ड नंबर 14 और 15 की बिजली सप्लाई कई घंटे तक बाधित रही। गनीमत रही कि घटना के समय वहां से कोई राहगीर नहीं गुजर रहा था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बिजली गुल होने से भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत आई। कई घरों में पानी की सप्लाई और रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हुए।



सूचना मिलते ही बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर पहले लाइन बंद की गई, फिर पेड़ का टूटा हिस्सा हटाकर क्षतिग्रस्त खंभे और तारों की मरम्मत शुरू की गई। कई घंटों की मशक्कत के बाद बिजली सप्लाई बहाल हुई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली लाइनों के पास खड़े पुराने और जर्जर पेड़ों का सर्वे करवाकर समय रहते छंटाई करवाई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।



पेज 12 जगरांव नगर परिषद: अध्यक्ष पद की जंग, कांग्रेस ने.....

# सवा चार साल में विजिलेंस ने 1055 मामलों में 1111 आरोपियों को किया गिरफ्तार, इनमें ज्यादातर सरकारी ऑफिसर शामिल

चंडीगढ़/यूटर्न/28 जून। पंजाब सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के तहत विजिलेंस ब्यूरो ने 16 मार्च 2022 से 31 मई 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कुल 1,055 मामले दर्ज किए, जिनमें 1,111 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, इस अवधि में 296 विजिलेंस जांच (इंक्वायरी) दर्ज की गई, जबकि अदालतों ने भ्रष्टाचार के 149 मामलों में 236 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त अवधि के दौरान रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े जाने के 503 मामलों में 610 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार 521 आपराधिक मामलों में 485 आरोपियों को तथा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के 31 मामलों में 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।




**116 जांच कर चुका विभाग...**प्रवक्ता ने आगे बताया कि इसी अवधि के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने से संबंधित 116 विजिलेंस जांचें दर्ज की गई, जबकि 180 अन्य विभिन्न मामलों में भी विजिलेंस जांच शुरू की गई। आगे भी विभाग द्वारा जांच की जा रही है।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अहम प्रक्रिया है एसआईआर: डीसी

## 14 जुलाई से पहले सत्यापन फॉर्म भरकर बीएलओ को सौंपें मतदाता, जिला निर्वाचन अधिकारी की अपील

पंचकूला/यूटर्न/28 जून। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतपाल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत और पारदर्शी बनाने में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कि वे 14 जुलाई से पहले अपना मतदाता गणना सत्यापन फॉर्म भरकर संबंधित बीएलओ को अवश्य सौंप दें, ताकि तय समय में त्रुटिरहित और अपडेटेड मतदाता सूची तैयार की जा सके। डीसी ने सुपरवाइजरों और बीएलओ को भी निर्देश दिए कि मतदाता गणना सत्यापन फॉर्म एकत्रित करने के कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर जाकर मतदाता गणना परिपत्र बांटने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी पात्र मतदाता



निर्धारित समयसीमा के भीतर फॉर्म भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करवाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के लिए पात्रता तिथि 1 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाता सूची को त्रुटिरहित रूप से तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। सतपाल शर्मा ने स्पष्ट किया कि मतदाता सत्यापन के नाम पर निर्वाचन विभाग की ओर से किसी भी मतदाता से कोई ओटीपी, लिंक या ऑनलाइन निजी जानकारी साझा करने के लिए नहीं कहा जाता। विभाग द्वारा नियुक्त बीएलओ स्वयं मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी मांगने वाले व्यक्ति से सावधान रहें। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, सही और पारदर्शी बनाना है, ताकि हर पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल हो और लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मजबूत बने।

# घरेलू बिजली कटौती और सिंचाई के बदले समय से बढ़ी परेशानी, सरकार से राहत की मांग

## पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी बोले- भीषण गर्मी में आमजन और किसान बिजली संकट से परेशान, अधिकारी फोन तक नहीं उठाते

बरवाला/यूटर्न/28 जून। पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने कहा कि बरवाला और रायपुररानी क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच घरेलू बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। दिन-रात बार-बार बिजली गुल होने और लो वोल्टेज की समस्या से लोगों को उमस भरी गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल आपूर्ति, छोटे कारोबार, विद्यार्थियों की पढ़ाई तथा बुजुर्गों और बच्चों की दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि



लगातार बिजली कटौती के कारण आम उपभोक्ताओं में सरकार के प्रति रोष बढ़ रहा है। प्रदीप चौधरी ने कहा कि घरेलू बिजली संकट के साथ-साथ किसान भी कृषि बिजली की बदली हुई समय-सारिणी और बार-बार आने वाले फाल्ट से परेशान हैं। खेतों के लिए रात के समय बिजली मिलने से किसानों को धान की सिंचाई और अन्य कृषि कार्य देर रात तक करने पड़ रहे हैं। रात में खेतों में काम करना सुरक्षा की दृष्टि से भी जोखिम भरा है और इससे किसानों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर संबंधित अधिकारियों को कई बार फोन किए जाते हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में अधिकारी फोन तक नहीं उठाते। इससे उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं हो पाता और लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ रही है। पूर्व विधायक ने सरकार और बिजली विभाग से मांग की कि घरेलू उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, कृषि बिजली के समय में बदलाव कर किसानों को दिन के समय भी पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए तथा अधिकारियों को शिकायतों के प्रति जवाबदेह बनाया जाए, ताकि आमजन और किसानों को राहत मिल सके।




# आईडीएफसी फर्जीवाड़े में नए खुलासे: तीन आईएएस के बाद अब चौथे बड़े अधिकारी पर जांच की आंच

पंचकूला/यूटर्न/28 जून। आईडीएफसी फर्जीवाड़े में लगातार नए खुलासे सामने आ रहे हैं। 590 करोड़ रुपये से जुड़े इस मामले में पहले ही हरियाणा सरकार तीन आईएएस अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर चुकी है। अब सीबीआई चार्जशीट में आए तथ्यों के बाद चौथे बड़े अधिकारी की भूमिका को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। मामले में पंचकूला कनेक्शन सबसे अहम माना जा रहा है, क्योंकि चार्जशीट में नकदी लेन-देन, गिफ्ट, लग्जरी कार और देश-विदेश की यात्राओं का विस्तार से जिक्र किया गया है। हरियाणा सरकार आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल, प्रदीप कुमार और आरके सिंह को पहले ही सस्पेंड कर चुकी है। वर्ष 2000 बैच के आईएएस पंकज अग्रवाल फिलहाल वास्तुकला विभाग में तैनात थे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, सीबीआई द्वारा 48 घंटे से अधिक हिरासत में रखे जाने के बाद उन्हें निलंबित माना गया।

# ऑल मनीमाजरा रेजिडेंट्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन का गठन, राजबीर सिंह भारतीय बने संस्थापक अध्यक्ष



चंडीगढ़/यूटर्न/28 जून। मनीमाजरा क्षेत्र के निवासियों के हितों की रक्षा, नागरिक सुविधाओं में सुधार और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को सेक्टर-13 (मनीमाजरा) में ऑल मनीमाजरा रेजिडेंट्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया। स्काई लाइट होटल, समाधी गेट में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय को एसोसिएशन का संस्थापक एवं अध्यक्ष चुना गया, जबकि सुभाष धीमान को चेयरमैन की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य मनीमाजरा, विशेष रूप से सेक्टर-13 के निवासियों की समस्याओं को प्रशासन और नगर निगम के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाना है। उन्होंने कहा कि संगठन क्षेत्र में स्वच्छता, सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर लगातार कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक लोगों को संगठन से जोड़कर इसका विस्तार किया जाएगा, ताकि मनीमाजरा के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत मंच तैयार हो सके। बैठक के दौरान एसोसिएशन की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

## सेक्टर 11 थाना पुलिस ने वाहन चोर दबोचा, 7 चोरी की होंडा एक्टिवा बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/28 जून। थाना सेक्टर-11 पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान धनास कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय कालू उर्फ कृष्णा के रूप में हुई है।




उसकी निशानदेही पर कुल सात चोरी की होंडा एक्टिवा बरामद की गई हैं।

एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश और डीएसपी सेंट्रल धीरज कुमार के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर जसपाल सिंह भुल्लर की निगरानी में पुलिस टीम ने आरोपी को चितकारा स्कूल मोड़, सेक्टर-25 से धनास लेक जाने वाले मार्ग के पास गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से सबसे पहले एक होंडा एक्टिवा (एचपी-39सी-1709) बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर चंडीगढ़ के विभिन्न थाना क्षेत्रों और मोहाली से चोरी की गई छह अन्य होंडा एक्टिवा भी बरामद कर ली गई।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी नशे का आदी है और नशे की लत के चलते वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। वह डुप्लीकेट (स्मार्ट) चाबी की मदद से होंडा एक्टिवा चोरी करता था। पूछताछ में यह भी पता चला कि आरोपी चोरी किए गए वाहनों का इस्तेमाल इधर-उधर घूमने के लिए करता था और पेट्रोल खत्म होने पर उन्हें सुनसान जगहों पर छोड़ देता था।

Happy Birthday



Nisha Mittal


## राम नाम के प्रकाश से मन के सभी अंधकार दूर होते हैं: संत अश्वनी बेदी







लुधियाना/यूटर्न/28 जून। श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क, सिविल लाइंस में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। सत्संग में प्रमुख संत अश्वनी बेदी महाराज ने संगत को श्री राम नाम के सुमिरन का महत्व समझाते हुए कहा कि सभी सुखों को देने वाले श्री राम ही हैं। मन को सदैव राम नाम के प्रकाश से प्रकाशित रखना चाहिए, क्योंकि जिस मन में राम नाम की तरंग उठती है, वहां कोई भी बड़ा दुःख स्थायी नहीं रह सकता।




संत बेदी ने कहा कि राम नाम का जाप मन के ताप और पीड़ा को समाप्त करता है तथा चित्त को स्वस्थ और शांत बनाए रखता है। उन्होंने 'अमृतवाणी' ग्रंथ का उल्लेख करते हुए कहा—

'जपना राम नाम है सुकृत, राम नाम है नाशक दुष्कृत।

सिमरे राम नाम ही जो जन, उसका हो शुचितर तन-मन।।'


उन्होंने कहा कि श्री राम नाम का जाप अत्यंत पुण्य कर्म है। राम नाम पापों का नाश करने वाला है और जो मनुष्य श्रद्धा से राम नाम का सुमिरन करता है, उसका तन-मन पवित्र और निर्मल होता चला जाता है।

संत अश्वनी बेदी ने कहा कि जैसे सूर्य उदय होते ही रात का अंधकार दूर हो जाता है और पारस मणि के स्पर्श से तांबा सोना बन जाता है, उसी प्रकार जब पूर्व जन्मों के शुभ संस्कार जागते हैं तो मनुष्य को सद्गुरु की प्राप्ति होती है। सद्गुरु ही जीवन का सच्चा मार्ग दिखाते हैं और मन में परमात्मा श्री राम से मिलन की पवित्र इच्छा जागृत करते हैं।

उन्होंने कहा कि गुरु कृपा से जब मन राम नाम में लग जाता है तो साधक अपने अंतर्मन में ही प्रभु श्री राम के दर्शन का अनुभव करता है। राम नाम के प्रभाव से मन के बंद किवाड़ खुल जाते हैं और जीवन में शांति, संतोष तथा आनंद का संचार होता है।

इस अवसर पर श्री टीटू पायलट, श्रीमती सुदर्शन जैन, सुमन जैन, रूपाली जैन, मंजू गुप्ता, शशि भल्ला, संयम भल्ला, अंजू कपूर, पल्लवी धवन, श्री रामेश्वर गुप्ता, बृजेश गुप्ता, वरिंदर जैन, शशि गुप्ता, राजन कपूर, गुलाब राय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रूह से रूबरू




चारू नागपाल

### आज के लोग घर के काम को बोझ क्यों समझने लगे हैं?

आज के समय में अधिकांश लोग घर के कामों को जिम्मेदारी के बजाय बोझ समझने लगे हैं। इसका मुख्य कारण बदलती जीवनशैली, व्यस्त दिनचर्या और आधुनिक सुविधाओं पर बढ़ती निर्भरता है। पहले परिवार के सभी सदस्य मिल-जुलकर घर के कार्य करते थे, जिससे आपसी सहयोग और अपनापन बढ़ता था। लेकिन आज लोग नौकरी, पढ़ाई और मोबाइल तथा सोशल मीडिया में इतने व्यस्त हो गए हैं कि उन्हें घर का काम समय की बबार्दी लगने लगा है। इसके अलावा, कई लोग यह सोचते हैं कि घर के काम केवल महिलाओं या घरेलू सहायकों की जिम्मेदारी हैं। यह सोच भी गलत है। वास्तव में घर के काम करने से व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है, अनुशासन सीखता है और परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझता है। बच्चों में भी यदि बचपन से घर के छोटे-छोटे कार्य करने की आदत डाली जाए, तो उनमें सहयोग, मेहनत और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। घर का काम कोई बोझ नहीं, बल्कि परिवार के प्रति हमारा कर्तव्य है। यदि परिवार का प्रत्येक सदस्य अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करे, तो न केवल काम आसान हो जाता है बल्कि परिवार में प्रेम, सम्मान और एकता भी बढ़ती है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

क्या शादी के बाद पत्नी अपनी कमाई अपने माता-पिता को दे सकती है? वैवाहिक जीवन में कई बार यह विवाद सामने आता है कि क्या पत्नी अपनी आय (income) का कुछ हिस्सा अपने माता-पिता की सहायता के लिए खर्च कर सकती है।

कानून के अनुसार, यदि महिला नौकरी करती है, व्यवसाय चलाती है या उसकी स्वयं की आय है, तो उस आय पर उसका कानूनी अधिकार होता है। वह अपनी कमाई का उपयोग अपनी आवश्यकताओं, बचत, निवेश या पारिवारिक सहायता के लिए कर सकती है। इसी प्रकार, यदि उसके माता-पिता वृद्ध, बीमार या आर्थिक रूप से जरूरतमंद हैं, तो उनकी सहायता करना कोई कानूनी गलत कार्य नहीं है।

यह भी ध्यान रखना चाहिए कि आज के समय में कानून माता-पिता की देखभाल के मामले में बेटा और बेटी दोनों को समान रूप से जिम्मेदार मानता है। हालांकि, वैवाहिक जीवन में पति-पत्नी दोनों की साझा जिम्मेदारियां भी होती हैं। इसलिए आर्थिक निर्णयों में पारदर्शिता और आपसी समझ बनाए रखना हमेशा बेहतर माना जाता है।

अदालतें सामान्यतः यह नहीं मानतीं कि विवाह के बाद महिला अपनी आय पर नियंत्रण खो देती है या उसे अपने माता-पिता की सहायता करने का अधिकार नहीं रहता। कई लोग अभी भी यह समझते हैं कि विवाह के बाद पत्नी की आय केवल ससुराल या पति के परिवार के लिए ही उपयोग की जा सकती है, जबकि कानून ऐसा नहीं कहता।

निष्कर्ष: यदि पत्नी की स्वयं की आय है, तो उसे अपने माता-पिता की आर्थिक सहायता करने का अधिकार है। विवाह के बाद भी उसकी व्यक्तिगत आय और उसके उपयोग पर उसका कानूनी अधिकार बना रहता है।

## 'वारिस पंजाब दे' का बढ़ा जनाधार, काउंके कलां में दर्जनों ग्रामीण हुए शामिल



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/28/जून। अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' की राजनीतिक सक्रियता जगरूप हल्के में तेजी से बढ़ रही है। इसी कड़ी में हल्के के सबसे बड़े गांव काउंके कलां में पार्टी को उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब जत्थेदार इंदरजीत सिंह काउंके कलां की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए दामन थाम लिया।

### युवा नेतृत्व में पार्टी का विस्तार

हल्का जगरूप के पार्टी इंचार्ज राजीव कुमार लवली की प्रभावशाली नेतृत्व शैली से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। सिधवां बेट के पूर्व विधायक बाबू अजीत कुमार के सुपुत्र, राजीव कुमार लवली अपनी साफ-सुथरी छवि और शिक्षित व्यक्तित्व के कारण क्षेत्र में तेजी से लोकप्रियता बटोर रहे हैं।

# एक महीने में तीसरी बार लुधियाना दौरे पर सीएम नायब सैनी, सतलुज क्लब में सुनी मन की बात, धार्मिक समागम में भी पहुंचे

लुधियाना/यूटर्न/28 जून। रविवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने विशेष दौरे पर लुधियाना पहुंचे। इस महीने शहर में उनका यह तीसरा दौरा है। उनका मुख्य कार्यक्रम माल रोड स्थित मशहूर सतलुज क्लब में आयोजित किया गया, जहां उन्होंने शहर के गणमान्य लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात' सुना। वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए सुबह से ही माल रोड और आसपास के इलाकों में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। इस दौरे पर सीएम सैनी ने धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने संत शिरोमणि कबीर जी महाराज के 628वें प्रकट दिवस पर आयोजित धानक समाज सम्मेलन में शामिल होकर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान जिला प्रधान रजनीश धीमान, अनील सरीन, सुखजिंदर सिंह बिंद्रा भी मौजूद रहे।



### गुरुद्वारा साहिब में टेका माथा

इस दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने अमरपुरा गुरुद्वारे में आयोजित नगर कीर्तन में शामिल हुए। इसके बाद सीएम सुभानी बिल्डिंग चौक स्थित प्रसिद्ध श्री ज्ञान स्थल मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने 346वें मासिक विधवा राशन वितरण समारोह में हिस्सा लिया था।

### नशे और क्राइम पर जताई चिंता

सीएम सैनी ने पंजाब में बढ़ते नशे और कानून व्यवस्था पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज पंजाब की माताएं, बहनें और आम लोग नशे के कारण बेहद परेशान हैं। पंजाब में नशा काफी तेजी से बढ़ रहा है और यहां की 'लॉ एंड ऑर्डर' (कानून-व्यवस्था) की स्थिति खराब है, जो एक बड़ी चिंता का विषय है।

# सिटी बस सेवा ठप होना लुधियानावासियों से बड़ा धोखा: दीवान

**कहा-नगर निगम की लापरवाही ने तरक्की की परियोजना को पतन में बदला, सांसद वड़िंग लोकसभा में उठाएं मुद्दा**





लुधियाना/यूटर्न/28 जून। जिला कांग्रेस कमेटी शहरी लुधियाना के पूर्व अध्यक्ष एवं पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन पवन दीवान ने सिटी बस सेवा ठप होने पर लुधियाना नगर निगम को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि जेएनएनयूआरएम के तहत जनवरी 2015 में शुरू की गई यह परियोजना शहर को आधुनिक और सुलभ सार्वजनिक परिवहन देने की दिशा में बड़ा कदम थी, लेकिन नगर निगम के कुप्रबंधन, लापरवाही और दूरदर्शिता की कमी ने इसे बदहाली में पहुंचा दिया।

दीवान ने कहा कि लो-फ्लोर बसें बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई गई थीं, लेकिन आज वही बसें हम्बड़ा रोड डिपो में जर्जर हालत में खड़ी हैं। जनवरी 2024 में नौ वर्ष का अनुबंध समाप्त होने के बावजूद नगर निगम ने कोई ठोस वैकल्पिक योजना तैयार नहीं की। इसका सीधा नुकसान रोजाना सफर करने वाले आम नागरिकों को उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और महंगे निजी वाहनों के बीच लुधियाना को मजबूत सार्वजनिक परिवहन की सबसे अधिक जरूरत है, मगर नगर निगम की नाकामी ने शहरवासियों से भरोसेमंद बस सेवा छीन ली। यह केवल परिवहन व्यवस्था का संकट नहीं, बल्कि जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात है।

### वड़िंग संसद में उठाएं मुद्दा

दीवान ने लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से अपील की कि वे आगामी मानसून सत्र में यह मुद्दा लोकसभा में जोरदार ढंग से उठाएं। उन्होंने मांग की कि सिटी बस सेवा तुरंत बहाल कराई जाए और परियोजना को ठप करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

# सेक्टर 34 थाना पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर वाहन चोर, 7 चोरी की एक्टिवा बरामद

चंडीगढ़/यूटर्न/28 जून। चंडीगढ़ पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-34 थाना पुलिस ने धनास कॉलोनी निवासी 43 वर्षीय लवकुश उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चंडीगढ़ के अलग-अलग क्षेत्रों से चोरी की गई सात होंडा एक्टिवा बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ सेक्टर-34 थाना में दर्ज वाहन चोरी के मामले की जांच के दौरान यह सफलता मिली।



एसएसपी के निर्देश, एसपी सिटी के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शादी लाल की निगरानी में गठित पुलिस टीम ने 26 जून को आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एएसआई गुरप्रीत सिंह, हेड कांस्टेबल मनविंदर सिंह, सीनियर कांस्टेबल समरजीत सिंह और कांस्टेबल अभिमन्यु शामिल थे।

# लुधियाना (देहाती) पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 नशा तस्कर गिरफ्तार, नशीले पदार्थ बरामद

-चरनजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/28/जून। नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत लुधियाना देहाती पुलिस ने अलग-अलग मामलों में नशीले पदार्थों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**पहला मामला:** ए.एस.आई. सुखदेव सिंह ने गश्त के दौरान गुरप्रीत सिंह पुत्र जरनैल सिंह, निवासी गाँव अखाड़ा को 06 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। इस संबंध में थाना जगरांव में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**दूसरा मामला:** ए.एस.आई. गुरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने गश्त के दौरान परमजीत सिंह पुत्र गुरमेल सिंह, निवासी गाँव काऊँके कलां को 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भी थाना जगरांव में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इलाके में नशा तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और आने वाले दिनों में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# आप विधायक के कार्यक्रम के पास वारदात, झपटमार ढाई तोले की चेन लेकर फरार

जीरकपुर/यूटर्न/28 जून। लोहगढ़ स्थित सिगमा सिटी चौक के पास शनिवार शाम विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के कार्यक्रम के दौरान एक महिला से चेन स्नैचिंग की वारदात सामने आई। कार्यक्रम स्थल से करीब 30 मीटर की दूरी पर अज्ञात झपटमार महिला के गले से ढाई तोले की सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। पीड़िता की पहचान रेनू पत्नी सचिन, निवासी टावर-बी, फ्लैट नंबर 501, स्प्रिंगडेल सोसाइटी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार महिला कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। इसी दौरान मौका पाकर झपटमारों ने वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए।



घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी विधायक कुलजीत सिंह रंधावा तक पहुंची तो उन्होंने तुरंत पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया। विधायक ने थाना प्रभारी को फोन कर मामले में तत्काल संज्ञान लेने और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस आसपास के दुकानदारों और लोगों से भी पूछताछ कर रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

भीड़भाड़ वाले क्षेत्र और कार्यक्रम स्थल के पास हुई इस वारदात के बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और झपटमारी की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग की है।

- *मामले की पड़ताल की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।*

*— इंस्पेक्टर सतिंदर सिंह, एसएचओ, जीरकपुरहेडिंग विकल्पः*

# सेक्टर-43 की अपनी मंडी में अतिक्रमण पर नगर निगम का एक्शन, 29 चालान काटे

चंडीगढ़। सेक्टर-43 स्थित अपनी मंडी में तय समय से पहले किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम चंडीगढ़ ने शनिवार तड़के विशेष अभियान चलाया। सुबह 5 बजे से 8 बजे तक चले इस अभियान के दौरान निगम की प्रवर्तन टीम ने निगम की जमीन पर अवैध रूप से रखी गई प्लास्टिक क्रेट, सब्जी के टेंट, टेबल, बैटरियां, तराजू, इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन और अन्य सामान जब्त कर हटाया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करने और आम लोगों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में 29 चालान भी किए गए। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय निवासियों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ विक्रेता मंडी के निर्धारित समय से पहले ही निगम की भूमि पर कब्जा कर लेते हैं। इससे न केवल यातायात और लोगों की आवाजाही प्रभावित होती है, बल्कि आसपास



रहने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर की सभी अपनी मंडियों में व्यवस्था बनाए



रखने, अतिक्रमण रोकने और आम जनता की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे प्रवर्तन अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# बाल सनातन कार्यशाला का समापन, बच्चों को दिए संस्कार और संस्कृति के सूत्र





जीरकपुर/यूटर्न/28 जून। श्री शिव मंदिर, बादल कालोनी जीरकपुर में आयोजित ग्रीष्मकालीन बाल सनातन कार्यशाला का समापन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यशाला एक जून से 26 जून तक प्रतिदिन आयोजित की गई, जिसमें बच्चों को सनातन धर्म, संस्कार, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति से जुड़ी मौलिक जानकारी दी गई। कार्यशाला में औसतन 60 से 70 बाल साधकों ने भाग लिया। इस दौरान बच्चों को छोटे मंत्र, श्लोक, प्रणाम की विधि, तीर्थों का महत्व, धार्मिक ग्रंथों की जानकारी, चौपाइयां और आरती गायन सहित कई विषय सिखाए गए। आयोजकों ने कहा कि संस्कार ही सभ्यता और संस्कृति के वास्तविक रक्षक हैं और इनकी शुरूआत बचपन से ही होनी चाहिए। समापन समारोह में विश्व हिंदू परिषद जीरकपुर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने आयोजकों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों और प्रतिभागी बच्चों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, नैतिक मूल्य और अपनी संस्कृति का ज्ञान भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि अगले वर्ष से क्षेत्र के सभी मंदिरों में ऐसी कार्यशालाएं आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमैन ने सभी प्रशिक्षकों, अभिभावकों, सहयोगियों और बच्चों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि सनातन मूल्यों और भारतीय संस्कृति की ज्योति नई पीढ़ी तक निरंतर पहुंचती रहे। उन्होंने कहा कि यह समापन किसी कार्यक्रम का अंत नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल और संस्कारित भविष्य की नई शुरूआत है।

# सेक्टर-42 में लगा नि:शुल्क मेडिकल व लंग हेल्थ कैंप, सैकड़ों लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

चंडीगढ़/यूटर्न/28 जून। सेक्टर-42 स्थित कम्युनिटी सेंटर में रविवार को मानव कल्याण परिसर, रोटरी क्लब चंडीगढ़ और डीवी केयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क मेडिकल चेक-अप एवं लंग हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सरदार परमजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पार्षद एवं पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर जसबीर सिंह बंटी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कैंप में सैकड़ों स्थानीय निवासियों ने पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाओं का लाभ उठाया। कैंप में शुगर, ब्लड प्रेशर, नेत्र जांच, दंत जांच, ईसीजी,



फिजियोथेरेपी, नेचुरोपैथी और कम्प्यूटरीकृत लंग फंक्शन टेस्ट सहित कई स्वास्थ्य सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। शाल्बी मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल, मोहाली के पल्मोनोलॉजी, एलर्जी एवं स्लीप मेडिसिन विभाग के निदेशक डॉ. सुरेश गोयल और उनकी टीम ने लोगों के फेफड़ों की जांच कर विशेषज्ञ परामर्श दिया।

# पारदर्शी भर्ती से युवाओं को मिल रहे रोजगार के अवसर : परमजीत सिंह रंधावा

## हमायूंपुर में आठ युवाओं की योगा ट्रेनर नियुक्ति पर श्री सुखमनी साहिब पाठ व कीर्तन का आयोजन

लालड़ू/यूटर्न/28 जून। पंजाब सरकार की ओर से युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने के प्रयासों के बीच गांव हमायूंपुर में स्वास्थ्य विभाग में आठ युवाओं की योगा ट्रेनर के रूप में नियुक्ति होने की खुशी में धार्मिक समागम आयोजित किया गया। गुरुद्वारा साहिब में श्री सुखमनी साहिब के पाठ एवं गुरबाणी कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें हलका डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के छोटे भाई सरदार परमजीत सिंह रंधावा ने विशेष



रूप से शिरकत की।

इस दौरान परमजीत सिंह रंधावा ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और सर्वजन के कल्याण की अरदास की। कार्यक्रम में नव-नियुक्त योगा ट्रेनरों और उनके परिजनों को सम्मानित करते हुए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं।

समारोह को संबोधित करते हुए परमजीत सिंह रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाकर योग्य युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और उन्हें अपने ही प्रदेश में बेहतर भविष्य देना है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में नियुक्त हुए योगा ट्रेनर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे तथा नशामुक्त और स्वस्थ पंजाब के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने नव-नियुक्त युवाओं से पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाने की अपील करते हुए कहा कि सरकारी सेवा समाज की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है।

कार्यक्रम के अंत में संगत ने गुरबाणी कीर्तन का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया और गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच दलबीर सिंह, ब्लॉक प्रधान बलबीर सिंह, गुरतेज सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

यूटर्न टाइम

# भगवान जगन्नाथ की 30वीं ऐतिहासिक रथयात्रा को लेकर लुधियाना में उत्साह, मुख्य कार्यालय का शुभारंभ



## 16 जुलाई को श्री दुर्गा माता मंदिर से निकलेगी भव्य रथयात्रा, शहरभर में होंगे भगवान जगन्नाथ के दर्शन

लुधियाना/यूटर्न/28 जून।

इस्कॉन एवं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी की ओर से 16 जुलाई को निकाली जा रही भगवान जगन्नाथ जी की 30वीं विशाल, भव्य एवं ऐतिहासिक रथयात्रा को लेकर महानगर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बनना शुरू हो गया है।

रथयात्रा की तैयारियों को गति देते हुए रविवार को घुमार मंडी स्थित रानी झांसी रोड पर खालसा कॉलेज फॉर वूमेन के सामने एचडीएफसी बैंक के ऊपर मुख्य कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह में कंगारू इंडस्ट्रीज के चेयरमैन विश्वा जैन कंगारू और होटल महाराजा रिजेंसी के सुखदर्शन जैन भोला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रथयात्रा कमेटी के चेयरमैन राजेश ढांडा ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया।

अपने संबोधन में विश्वा जैन कंगारू ने कहा कि भगवान जगन्नाथ करुणा और दया के सागर हैं। वे सदैव अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं। उन्होंने कहा कि जब भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलदेव और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करते हैं, तो उनके दर्शन मात्र से भक्तों के जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मन को अपार शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ महानगर वासियों को दर्शन देने के लिए भव्य रथ पर विराजमान होंगे।

सुखदर्शन जैन भोला ने कहा कि भगवान जगन्नाथ तीनों लोकों के स्वामी माने जाते हैं। उनके विशाल नेत्र समस्त संसार पर कृपा दृष्टि रखते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे परिवार सहित रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें।

कार्यक्रम के दौरान कमेटी के प्रधान सतीश गुप्ता ने वर्ष 1996 से निरंतर निकाली जा रही भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के इतिहास और विकास पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि यह यात्रा अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं रही, बल्कि लुधियाना की आस्था, सेवा और सामाजिक एकता का बड़ा प्रतीक बन चुकी है।

महासचिव संजीव सूद बांका ने कहा कि शास्त्रों में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ जी के रथ की रस्सी को श्रद्धापूर्वक स्पर्श करने मात्र से पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन के अनेक कष्ट दूर होते हैं।

उन्होंने बताया कि रथयात्रा 16 जुलाई को सायं 4 बजे श्री दुर्गा माता मंदिर, जगराओं पुल से आरंभ होगी।

यात्रा क्लब रोड, फव्वारा चौक, रानी झांसी रोड, घुमार मंडी और आरती चौक से होती हुई शहंशाह पैलेस में संपन्न होगी। अनिल सलूजा ने महानगर वासियों से परिवार सहित रथयात्रा में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर राजिंद्र छाबड़ा ओटाया, कैलाश लड्ढा, केवल बुद्धिराजा, संजय जैन बरनाला, अश्वनी जैन बरनाला, राजेश जैन बॉबी, विकास गोयल विक्की, संजीव गुप्ता स्टॉक एक्सचेंज, मुकेश घई, हरीश जैरथ बिट्ठू, सुनील मेहरा, विवेक गुप्ता, मोहन लाल गुप्ता, अनिल राय, प्रशांत सलूजा, सतीश वर्मा रॉयल्टी ज्वेलर्स, कपिल गुप्ता किंगडम, लोकेश सूद, सुभाष डंग, बनवारी हरजाई, चंद्रसेन भोला, मिंटू कालिया, कुलदीप छाबड़ा मिंटू, राहुल अभी बंटी, मधुसूदन सूद, करन लूथरा, संजीव पोपली, बॉबी मल्होत्रा और अमित भगत मुन्ना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत, 7815 बच्चों को पिलाई जाएंगी पोलियो की बूंदें

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/28/जून। देश को पोलियो मुक्त रखने के उद्देश्य से आज 28 जून से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान का उद्घाटन हलका विधायक (टछअ) सरबजीत कौर मानूके द्वारा विशेष रूप से किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस बार 7815 बच्चों को पोलियो रोधी बूंदें पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

**अभियान की रूपरेखा:** सिविल सर्जन डॉ. रमनदीप कौर और एस.एम.ओ. डॉ. गुरविंदर कौर के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं:




पहला दिन (28 जून): बूथों पर बच्चों को पोलियो की बूंदें पिलाई जा रही हैं।

दूसरा और तीसरा दिन (29-30 जून): घर-घर जाकर बच्चों को कवर किया जाएगा।

टीमों और बूथों का विवरण:

अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुल 42 टीमें तैनात की गई हैं, जिनमें शामिल हैं:

35 बूथ


5 ट्रांजिट टीमें

2 मोबाइल टीमें

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की बूंदें जरूर पिलाएं, ताकि बच्चों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।

## संपादकीय

# पंजाब की राजनीति में एआई की एंट्री



संदीप शर्मा, सम्पादक

अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार, ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज को निशाना बनाने वाले आपत्तिजनक एआई-जनरेटेड वीडियो का सामने आना, पंजाब के तेजी से जहरीले होते राजनीतिक और सोशल मीडिया माहौल में एक चिंताजनक और निचले स्तर की घटना है। यह बात कि सिख धर्म की सर्वोच्च सांसारिक गद्दी के प्रमुख को भी नहीं बख्शा जा रहा है, बिना किसी रोक-टोक या जवाबदेही के इस्तेमाल की जाने वाली डीपफेक टेक्नोलॉजी के खतरनाक असर को दिखाती है। पंजाब में राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप कोई नई बात नहीं है। विरोधी पार्टियाँ लंबे समय से एक-दूसरे पर चुनावी फायदे के लिए धर्म का इस्तेमाल करने का आरोप लगाती रही हैं। फिर भी, नकली वीडियो और दुर्भावनापूर्ण कंटेंट बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल इस मुकाबले को एक नए और खतरनाक मोड़ पर ले जाता है। डीपफेक सच और झूठ के बीच के अंतर को धुंधला कर देते हैं, जिससे आम नागरिकों के लिए असली जानकारी और मनगढ़ंत प्रोपेगैंडा के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है।

इसका समय भी महत्वपूर्ण है। विधानसभा चुनाव नजदीक हैं, ऐसे में सोशल मीडिया जनमत बनाने का मुख्य अखाड़ा बनता जा रहा है। विरोधियों, धार्मिक हस्तियों और संस्थानों के खिलाफ एआई-जनरेटेड कंटेंट को हथियार बनाने का लालच बढ़ने की संभावना है। राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश के तौर पर शुरू होने वाली चीजें तेजी से बहुत खतरनाक रूप ले सकती हैं, खासकर ऐसे राज्य में जहाँ धार्मिक भावनाएँ गहरी हैं और जहाँ का इतिहास सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के नतीजों का गवाह रहा है। अकाल तख्त के जत्थेदार को निशाना बनाने का मामला न केवल सिख समुदाय के लिए, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले हर नागरिक के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। संस्थानों को अपनी ताकत जनता के भरोसे से मिलती है। मनगढ़ंत कंटेंट के जरिए धार्मिक प्रमुखों की छवि खराब करने की जानबूझकर की गई कोशिशें उस भरोसे को कम करती हैं और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करती हैं। आज यह एक धार्मिक नेता है; कल कोई भी सार्वजनिक हस्ती या आम नागरिक भी हो सकता है। उतनी ही चिंता की बात यह है कि पंजाब की राजनीतिक बहस तेजी से सनसनीखेज बातों, व्यक्तिगत हमलों और मनगढ़ंत विवादों तक सिमटती जा रही है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग, बेरोजगारी, कृषि संकट, कानून-व्यवस्था या आर्थिक ठहराव जैसे अहम मुद्दों पर बहस करने के बजाय, राजनीतिक लोग सोशल मीडिया पर गुस्से और जवाबी गुस्से के कभी न खत्म होने वाले चक्र में फंसते जा रहे हैं। नतीजा यह होता है कि जनता का ध्यान शासन-प्रशासन से हटकर तमाशे की ओर चला जाता है। कानून को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट और आपराधिक कानून के तहत मौजूद प्रावधान दुर्भावनापूर्ण और मानहानि करने वाले कंटेंट से निपटने का ढांचा तो देते हैं, लेकिन उन्हें लागू करने की गति अक्सर तकनीकी बदलावों के मुकाबले धीमी रही है। जो लोग लोगों की बदनामी करने या अशांति फैलाने के इरादे से डीपफेक बनाते और फैलाते हैं, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी अपनी ज़िम्मेदारी से बच नहीं सकते। उन्हें ऐसे हेर-फेर किए गए कंटेंट की पहचान करने, उसे चिह्नित करने और हटाने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए, जो सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा हों या दुर्भावनापूर्ण तरीके से किसी व्यक्ति को निशाना बनाते हों।

हालाँकि, सिर्फ़ नियम-कानून ही काफी नहीं हैं। नागरिकों को डिजिटल साक्षरता अपनानी चाहिए और सनसनीखेज ऑनलाइन सामग्री के प्रति एक स्वस्थ संदेह का नजरिया रखना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में, किसी भी चीज को शेयर करने से पहले उसकी सच्चाई की जाँच करना अब केवल एक अच्छी आदत नहीं, बल्कि एक नागरिक ज़िम्मेदारी है।

# सुखना चो का किनारा बना मिनी डंपिंग ग्राउंड, नगर परिषद पर उठे सवाल

## रोस्टर और नोडल अधिकारी के बावजूद नहीं रुक रही अवैध डंपिंग







जीरकपुर/यूटर्न/28 जून। शहर को ह्लक्लीन एंड ग्रीन जीरकपुरह्व बनाने के दावों के बीच सुखना चो का किनारा लगातार मिनी डंपिंग ग्राउंड में बदलता जा रहा है। यहां खुलेआम कूड़ा-कबाड़, निर्माण सामग्री का मलबा और अन्य ठोस कचरा फेंका जा रहा है, लेकिन नगर परिषद की ओर से कोई ठोस कार्रवाई होती दिखाई नहीं दे रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुखना चो शहर के लिए बेहद महत्वपूर्ण प्राकृतिक जल मार्ग है। इसके किनारे रोजाना कूड़ा फेंके जाने से न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि बरसात के मौसम में पानी के बहाव पर भी असर पड़ सकता है। गंदगी के कारण आसपास दुर्गंध फैल रही है और लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद ने हाल ही में सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए अधिकारियों का साप्ताहिक रोस्टर जारी किया था। इसके तहत हर सुबह दो अधिकारियों को फील्ड सुपरविजन की जिम्मेदारी दी गई थी, जबकि एएमई साक्षी जिंदल को नोडल अधिकारी बनाया गया था। इसके बावजूद सुखना चो के किनारे फैली गंदगी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

लोगों का आरोप है कि या तो अधिकारी फील्ड में नहीं पहुंच रहे या फिर अवैध डंपिंग को देखकर भी अनदेखा किया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के स्पष्ट आदेशों के बावजूद हालात खराब बने हुए हैं। शहरवासियों ने मांग की है कि नगर परिषद तुरंत सुखना चो के किनारे से कचरा हटाए, अवैध डंपिंग करने वालों पर जुमार्ना लगाए और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करे। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ह्लक्लीन एंड ग्रीन जीरकपुरह्व केवल नारा बनकर रह जाएगा।

# पीर बाबा तपड़ी वाले की दरगाह पर सालाना भंडारा, कव्वालों ने बांधा समां

## भबात की दरगाह पर सजी रूहानी महफिल, श्रद्धालुओं ने माथा टेक मांगी मन्नतें






जीरकपुर/यूटर्न/28 जून। भबात स्थित पीर बाबा तपड़ी वाले, पीर शरीफ ग्यारहवीं वाली सरकार की पवित्र दरगाह पर सालाना भंडारा और कव्वालियों की महफिल श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दरगाह पर माथा टेका, हाजिरी भरी और मन्नतें मांगीं।

सेवादार जमीला खान, नजीर, बीरा खान, गोबिंद, मनी, विक्की, अंकित, लविश, संजय, शीलू और दिलशाद ने बताया कि दरगाह पर हर वर्ष सालाना भंडारा और कव्वालियों की महफिल सजाई जाती है। इस बार कार्यक्रम की शुरूआत 26 जून को सुबह 11 बजे मेहंदी की रस्म और झंडे की रस्म के साथ हुई। इसके बाद शाम पांच बजे कव्वालों ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को रूहानी रंग में रंग दिया।

सेवादारों ने बताया कि 27 जून को शहर के प्रसिद्ध गायक गोल्डी शहजादा और उनके साथियों ने शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद सहारनपुर से पहुंचे तसलीम साबरी तथा शाहरुख-फारुख ने कव्वालियां पेश कर महफिल में समां बांध दिया। कव्वालियों के दौरान विभिन्न दरगाहों से पहुंचे पीर, फकीर और श्रद्धालु रूहानी रंग में झूमते नजर आए।

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने दरगाह पर नतमस्तक होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन आस्था, भाईचारे और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी श्रद्धालुओं और सेवादारों का आभार जताया।

### आस्था और सेवा का संगम

दरगाह पर आयोजित सालाना भंडारे में श्रद्धालुओं ने माथा टेककर मन्नतें मांगीं। कव्वालियों ने माहौल को रूहानी बना दिया और देर शाम तक श्रद्धालु दरगाह परिसर में मौजूद रहे।

# डेराबस्सी में पल्स पोलियो मुहिम शुरू, शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएंगी बूंदें



डेराबस्सी/यूटर्न/28 जून। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पंजाब और सिविल सर्जन एसएएस नगर डा. संगीता जैन के दिशा-निदेर्शों के तहत डेराबस्सी में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो मुहिम की शुरूआत की गई। एमटीएम डेराबस्सी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. धर्मिंदर सिंह ने बच्चों को पोलियो रोधी बूंदें पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसएमओ डा. धर्मिंदर सिंह ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को बचाने के लिए अभिभावकों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि शून्य से पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंदें अवश्य पिलाई जाएं, ताकि कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि मुहिम के पहले दिन विभिन्न पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई। इसके बाद अगले दो दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो बूंदें पिलाएंगी, जो किसी कारण बूथ पर नहीं पहुंच सके। अभियान को सफल बनाने के लिए नर्सिंग विद्यार्थियों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की विशेष टीमें गठित की गई हैं। डा. धर्मिंदर सिंह ने बताया कि टीमें बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों, निर्माण स्थलों और घरों में जाकर बच्चों को पोलियो रोधी बूंदें पिलाएंगी। उन्होंने कर्मचारियों को मुहिम पूरी लगन और जिम्मेदारी से निभाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीई राजिंदर सिंह, गुरजीत सिंह एमआइ, सरबजीत सिंह, रवनीत कौर, जस्मिंदर कौर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सैनी विहार में 40 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या, मानसिक परेशानी में होने की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

जीरकपुर/यूटर्न/28 जून। बलटाना के फेस-1 स्थित सैनी विहार में शुक्रवार देर रात 40 वर्षीय व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मंजीत सिंह पुत्र दिलवान सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मंजीत सिंह विवाहित थे। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, वहीं इलाके में भी शोक का माहौल है।

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक मंजीत सिंह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। हालांकि उन्होंने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शनिवार को परिवार ने नम आंखों से उनका अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाया जा सके।

# सरकारी गोदाम में 15 बदमाशों का धावा, चौकीदारों को बंधक बना 400 गेहूं के कट्टे लूटे, डीजल चोरी कर ट्रक लेकर फरार

अमृतसर/यूटर्न/28 जून। अमृतसर के अजनाला क्षेत्र के गांव महल बुखारी स्थित पनग्रेन के सरकारी गोदाम में शनिवार देर रात 15 हथियारबंद बदमाशों ने पहले चौकीदारों को बंधक बनाया। इसके बाद करीब 400 गेहूं के कट्टों को एक ट्रक में लोड कर फरार हो गए। यह गेहूं सरकार की आटा-दाल योजना के तहत लोगों में वितरित किया जाना था। बदमाशों ने गोदाम परिसर में खड़े अन्य ट्रकों से डीजल निकालकर उसी ट्रक में डाला, जिसे वारदात के लिए इस्तेमाल किया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके। इस मामले में ट्रक मालिक ने बताया कि उसका ट्रक रात के समय गोदाम में खड़ा था। चौकीदारों के अनुसार करीब 15 बदमाश आधी रात के बाद गोदाम में घुसे और चौकीदारों को बंधक बनाकर लगभग 400 गेहूं के कट्टे तथा ट्रक लेकर फरार हो गए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है।



### अचानक गोदाम की बिजली हुई बंद

पनग्रेन अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों और पुलिस को दे दी गई है तथा पूरे मामले की जांच जारी है। चौकीदार ने बताया कि अचानक गोदाम की बिजली बंद हो गई। जब वह बिजली की जांच करने बाहर निकला तो पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उसे पकड़ लिया और एक कमरे में ले जाकर अन्य चौकीदारों के साथ बंधक बना दिया। बदमाशों ने सभी को जान से मारने की धमकी दी और वारदात को अंजाम दिया। जांच अधिकारी गुरमीत सिंह ने बताया कि गोदाम से गेहूं चोरी होने के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस कई पहलुओं से जांच कर रही है।

## जमीन विवाद में निहंग वेशधारियों का महिलाओं पर हमला, ननद-भाभी जख्मी

पंजाब/यूटर्न/28 जून। अबोहर के नजदीकी गांव सीडफार्म से एक बेहद हैरान और विचलित करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ जमीन के आपसी विवाद को लेकर निहंग वेशधारी कुछ अज्ञात हमलावरों ने दो महिलाओं पर जानलेवा हमला कर दिया।

इस बर्बर हमले में ननद और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें इलाज के लिए तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावरों द्वारा घर में घुसकर तोड़फोड़ करने और सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी कैमरे तोड़ने की बात भी सामने आई है। सिविल अस्पताल में उपचाराधीन घायल प्रियंका पुत्री प्रीतम सिंह ने अपने सगे चाचा पर इस पूरे हमले को प्रायोजित करने का संगीन आरोप लगाया है।



प्रियंका ने घटना की आपबीती सुनाते हुए बताया कि मेरे पिता के पास 6 एकड़ जमीन है और इतनी ही जमीन मेरे चाचा के पास भी है। दोनों भाइयों के बीच कानूनी रूप से जमीन का बंटवारा काफी पहले हो चुका है। इसके बावजूद मेरे चाचा की नीयत खराब है और वे हमारे हिस्से की जमीन पर भी अवैध कब्जा करना चाहते हैं।

# जालंधर में आंधी से पेड़ गिरा, बाप-बेटी की मौत, लुधियाना समेत 3 जिलों में बारिश

पंजाब/यूटर्न/28 जून। पंजाब में रविवार सुबह अचानक मौसम बदल गया। जालंधर, पठानकोट और लुधियाना के जनकपुरी में बारिश हुई। जालंधर छावनी के गांव तोड़े सपराए में बाइक पर जा रहे पिता बेटी पर तेज आंधी के कारण बड़ा पेड़ गिर गया। इससे दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कश्मीर उर्फ बिल्ला (40) और उसकी बेटी सोनाली (12) के रूप में हुई है। बीते कल पंजाब में इस साल की सबसे ज्यादा बिजली खपत दर्ज की गई। बिजली की मांग बढ़कर 16,604 मेगावाट पहुंच गई। बीती कल जालंधर, अमृतसर और संगरूर में बिजली के कट लगे। अमृतसर में इसको लेकर लोगों ने हंगामा किया। पंजाब में इस सप्ताह मानसून की एंट्री हो सकती है।



**सबसे अधिक न्यूनतम तापमान मोहाली में दर्ज...**राज्य में 24 घंटे में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान मोहाली में 30.4 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान गुरदासपुर में 25 डिग्री रहा। चंडीगढ़ में 1.8 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, अमृतसर और पठानकोट में रात के तापमान में गिरावट रही, जिसमें सबसे अधिक 2.1 डिग्री की कमी पठानकोट में दर्ज की गई।

### मोहाली के गुरुद्वारा सिंह शहीदान में हंगामा, स्वागत समारोह के दौरान युवक ने किया हमला; पुलिस ने संभाला मोर्चा

मोहाली/यूटर्न/28 जून। मोहाली के सोहाना स्थित गुरुद्वारा सिंह शहीदान में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब उत्तराखंड से रिहा होकर लौटे दो निहंग सिंहों के स्वागत समारोह के दौरान एक युवक ने उन पर हमला करने का प्रयास किया। घटना के बाद कुछ देर के लिए गुरुद्वारे परिसर में तनाव का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुद्वारे में दोनों निहंग सिंहों के स्वागत के लिए धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में संगत और निहंग मौजूद थे। इसी दौरान भीड़ में से एक युवक अचानक आगे बढ़ा और निहंग सिंहों की ओर हमला करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद निहंगों ने तुरंत उसे काबू कर लिया। इस दौरान युवक के साथ मारपीट भी हुई, जिससे कार्यक्रम स्थल पर हड़कंप मच गया।

## रैंप पर उतरीं कियारा आडवाणी, स्माइल और स्टाइल ने लूटी महफिल



मुंबई। अभिनेत्री कियारा आडवाणी एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। सामने आई तस्वीर में कियारा ब्लैक ऑफ-शोल्डर गाउन में बेहद ग्लैमरस अंदाज में नजर आ रही हैं। रैंप पर उनका कॉन्फिडेंट पोज और खूबसूरत स्माइल फैंस का ध्यान खींच रही है। गाउन पर किया गया सीक्विन वर्क और फ्लोइंग स्कर्ट उनके लुक को रॉयल टच दे रही है। खुले वेवी हेयर, स्टाइलिश ईयररिंग्स और मिनिमल एक्सेसरीज ने उनके पूरे अंदाज को और आकर्षक बना दिया। सोशल मीडिया पर फैंस उनके इस अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं। फैशन लवर्स का कहना है कि कियारा ने अपने इस रैंप लुक से एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह स्टाइल और ग्रेस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन हैं।

# दिल्ली साइकिल टेंडर में 'मोसेरे भाइयों' का खेल? हीरो ईकोटेक की बोली पर उठे सवाल


## तीन योग्य बोलीदाता न होने और टर्नओवर शर्त को लेकर री-टेंडर की मांग तेज, विशेषज्ञ बोले–सरकारी खरीद में प्रमोटर रिकॉर्ड की भी हो जांच

लुधियाना/यूटर्न/28 जून। दिल्ली के बड़े साइकिल टेंडर ने साइकिल उद्योग में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और कॉरपोरेट जवाबदेही को लेकर नई बहस छेड़ दी है। इस टेंडर में हीरो ईकोटेक के दूसरे नंबर पर आने के बाद उद्योग जगत में सवाल और गहरे हो गए हैं। जानकारों का कहना है कि यह मामला केवल एक कंपनी की बोली तक सीमित नहीं, बल्कि सरकारी खरीद प्रक्रिया में समूह संबंध, प्रमोटर पृष्ठभूमि और योग्य बोलीदाताओं की वास्तविक संख्या से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

**हीरो ईकोटेक से सवाल क्यों?**

उपलब्ध जानकारी के अनुसार हीरो ईकोटेक में हीरो ईको समूह को विजय मुंजाल के नेतृत्व वाला बताया गया है, जबकि नवीन मुंजाल और गौरव मुंजाल के नाम भी इस समूह से जुड़े हैं। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि जब किसी समूह से जुड़ी एक कंपनी पहले सरकारी योजना में विवाद, रिकवरी या जांच के घेरे में रह चुकी हो, तो उसी समूह से संबंधित दूसरी कंपनी की सरकारी टेंडर में भागीदारी पर अतिरिक्त जांच होनी चाहिए। सरकारी खरीद में केवल कंपनी का नाम नहीं, बल्कि उसके पीछे खड़े प्रमोटरों और समूह का रिकॉर्ड भी देखा जाना चाहिए।





1. BID DETAILS - GEM/2026/B/7576262

2. TECHNICAL EVALUATION

Disclaimer : These are offered prices in bid and not approved / accepted prices. These may change if Buyer resorts to negotiation or price match as per Bid Conditions.

List Of Sellers Qualified Financially

| S.No. | Seller Name | Offered Item | Total Price | Rank |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Matta Sports ( MSE Social Category:General ) | Item Categories : Bicycle with Safety and Performance Requirements Conforming to IS 10613 | ₹ [illegible] | L1 |
| 2 | HERO ECOTECH LIMITED | Item Categories : Bicycle with Safety and Performance Requirements Conforming to IS 10613 | ₹ [illegible] | L2 |
| 3 | AVON CYCLES LTD | Item Categories : Bicycle with Safety and Performance Requirements Conforming to IS 10613 | ₹ [illegible] | L3 |


Details of Annual Procurement by Different State Governments

| S. No. | State | Qnty (Approx) | Annual Turnover Requirement | Each Year / Average |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | West Bengal | 1000000 | Rs. 200.00 Crores | Average for Last 5 Years with Maximum [illegible] |
| 2 | Tamilnadu | 500000 | Rs. 100 Crores | Each Financial Year for Last 3 Years |
| 3 | Jharkhand | 400000 | Rs. 300 Crores | Each Financial Year for Last 3 Years |
| 4 | Madhya Pradesh | 450000 | Rs. 200.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 5 | Assam | 350000 | Rs. 130.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 6 | Rajasthan | 350000 | Rs. 130.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 7 | Gujarat | 200000 | Rs. 185.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 8 | Chhattisgarh | 200000 | Rs. 90.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 9 | Delhi | 150000 | Rs. 300.00 Crores | Average for Last 3 Years |
| 10 | Tripura | 40000 | Rs. 10.00 Crores | Each Financial Year for Last 5 Years |







### औसत टर्नओवर की शर्त व्यावहारिक हो

सबसे बड़ा सवाल टेंडर की शर्तों को लेकर उठ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि टेंडर का अनुमानित मूल्य या औसत बिक्री करीब 90 करोड़ रुपये के आसपास है, तो औसत टर्नओवर की शर्त व्यावहारिक होनी चाहिए। ऐसी स्थिति में औसत टर्नओवर की शर्त 200 करोड़ रुपये से अधिक नहीं रखी जानी चाहिए, ताकि मध्यम और सक्षम साइकिल निर्माता भी प्रतिस्पर्धा में हिस्सा ले सकें। बहुत ऊंची टर्नओवर शर्तें छोटे और ईमानदार उद्योगों को मैदान से बाहर कर देती हैं और टेंडर कुछ बड़े खिलाड़ियों तक सीमित हो जाता है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि तीन या अधिक वास्तविक और सक्षम बोलीदाता उपलब्ध नहीं थे, तो सरकारी एजेंसी को टेंडर रद्द कर दोबारा निविदा जारी करनी चाहिए थी। सीमित प्रतिस्पर्धा में सरकारी खरीद से न तो बेहतर दरों की गारंटी मिलती है और न ही प्रक्रिया पर जनता का भरोसा मजबूत होता है।

### टेंडर में बड़ी कंपनियों के मिलीभगत के संकेत

विशेषज्ञों का कहना है कि साइकिल टेंडरों में कुछ बड़ी कंपनियों का एक-दूसरे के खिलाफ खुलकर आपत्ति न उठाना भी सवाल पैदा करता है। इसी कारण उद्योग में इसे ह्लमोसेरे भाइयोंह्व जैसा व्यवहार कहा जा रहा है। अब मांग उठ रही है कि दिल्ली साइकिल टेंडर की स्वतंत्र समीक्षा हो, तीन योग्य बोलीदाताओं की स्थिति स्पष्ट की जाए और यदि प्रतिस्पर्धा सीमित रही है तो री-टेंडर कराया जाए।

### क्या है पूरा मामला ?

दिल्ली के एक बड़े साइकिल टेंडर मामले में बिना साईकिल के अनुभव वाले स्पोर्ट्स डीलर माटा स्पोर्ट्स को एल-1 बोलीदाता और हीरो ईकोटेक लिमिटिड को एल-2, एवन साईकिल को एल-3 बोलीदाता बताया जा रहा है। हीरो ईकोटेक के हीरो ईको समूह से संबंध और हीरो इलेक्ट्रिक के फेम-दो सब्सिडी विवाद के कारण उद्योग जगत में सवाल उठ रहे हैं कि क्या सरकारी टेंडर में समूह से जुड़ी कंपनियों के पुराने ट्रैक रिकॉर्ड की जांच की गई थी या नहीं।

### हीरो इलेक्ट्रिक पर क्या आरोप रहे ?

हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड का नाम फेम-दो सब्सिडी विवाद में आया था। आरोपों के अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों ने स्थानीयकरण और चरणबद्ध निर्माण कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों का पालन किए बिना सब्सिडी लाभ लिया। इसी मामले में सरकारी एजेंसियों की वसूली, पंजीकरण रद्द करने और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय की जांच जैसी कार्रवाई सामने आई। बाद में हीरो इलेक्ट्रिक दिवालियापन प्रक्रिया में चली गई और परिसमापन आदेश की खबरें भी सामने आई।

सरकारी खरीद जनता के पैसे से होती है, इसलिए इसमें सबसे कम बोली के साथ साफ प्रमोटर रिकॉर्ड, पूरी पारदर्शिता और वास्तविक प्रतिस्पर्धा भी अनिवार्य होनी चाहिए।

# जगरांव नगर परिषद: अध्यक्ष पद की जंग, कांग्रेस ने कसी कमर;

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/28/जून। जगरांव नगर परिषद के अध्यक्ष, सीनियर वाइस अध्यक्ष और वाइस अध्यक्ष के चुनाव के लिए सियासी पारा अपने चरम पर है। 1 जुलाई को होने वाली वोटिंग से पहले कांग्रेस पूरी तरह सक्रिय मोड में आ गई है। पार्टी की नैया पार लगाने के लिए जिलाध्यक्ष मेजर सिंह मुल्लांपुरी ने कमान संभाली गई है।

**रणनीति: एकता ही जीत का मंत्र**

हल्का इंचार्ज जगतार सिंह जग्गा हिस्सोवाल के दफ्तर में हुई कांग्रेस पार्षदों की बैठक में मंथन का दौर चला। बैठक का एकमात्र एजेंडा था-पार्षदों की एकजुटता।

जिलाध्यक्ष मेजर सिंह मुल्लांपुरी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस किसी भी सूरत में नगर परिषद के अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा जमाना चाहती है। मुल्लांपुरी ने कहा, "हम अपने पार्षदों के साथ लगातार संपर्क में हैं। जीत की फाइनल रणनीति बनाने के लिए जल्द ही पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के साथ बैठक कर आगे की दिशा तय की जाएगी।"

**शक्ति प्रदर्शन: पतिदेवों की मौजूदगी रही चर्चा में:** बैठक में केवल तीन पार्षद विक्की सिंह, वरिंदर सिंह कलेर और सुखचैन सिंह धारीवाल ही हाजिर थे। जबकि मीटिंग में पांच महिला पार्षद गुरप्रीत कौर तत्तला के पति सतिंदरजीत सिंह तत्तला, राजिंदर कौर ठुकराल के पति राजू ठुकराल, मनजीत कौर के पति अश्विनी, परमिंदर कौर कल्याण के पति विनय कल्याण और कविता कक्कड़ के पति संजू कक्कड़ ने बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाई जबकि पार्षद राणा इस मीटिंग में नजर नहीं आए। इस चुनाव के प्रति परिवार और पार्टी की गंभीरता को दशार्ता है। इस दौरान । इन सबकी मौजूदगी यह संदेश देने के लिए काफी थी कि पार्टी अपनी रणनीति में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

**एक पार्षद नदारद, चर्चाओं का बाजार गर्म :** हालांकि इस अहम बैठक में एक पार्षद की गैरहाजिरी चर्चा का विषय बनी रही। जब इस पर सवाल किया गया तो मेजर मुल्लांपुरी ने इसे सामान्य बताते हुए कहा कि "कुछ जरूरी पारिवारिक व्यस्तताओं के चलते वे नहीं आ सके, लेकिन वे पूरी तरह पार्टी के साथ हैं और उनमें कोई मतभेद नहीं है।"

**पर्दे के पीछे बिछ रही बिसात:** भले ही कांग्रेसी नेता कैमरे के सामने सब कुछ सामान्य होने का दावा कर रहे हों, लेकिन सियासी गलियारों में सुगबुगाहट तेज है। सूत्रों के अनुसार, अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर पार्टी के भीतर अभी भी रस्साकशी जारी है। टिकट और चेहरे के चयन को लेकर अंदरखाने खींचतान है। हालांकि, इस संबंध में हल्का इंचार्ज जगतार सिंह जग्गा हिस्सोवाल से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने पहले की तरह फोन उठाना ही मुनासिब नहीं समझा।

**अब नजर 1 जुलाई पर:**

अब सबकी निगाहें 1 जुलाई को नगर परिषद जगरांव टाउन हॉल में होने वाली चुनाव प्रक्रिया पर टिकी हैं। क्या कांग्रेस अपनी इस एकजुटता को अमलीजामा पहनाकर कुर्सी पर कब्जा कर पाएगी या गुटीय खींचतान का असर चुनाव परिणामों पर दिखेगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

## एस एस जैन स्थानक सिविल लाइंस में चौमुखी जाप जारी



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372